न्यूज डायरी

पीएचडी में प्रवेश की तिथि 26 फरवरी तक बढ़ी

सहारनपुर। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय द्वारा शोध पाठ्यक्रम में सत्र 2025-26 में पीएचडी कोर्स के लिए चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश के लिए 20 फरवरी अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। इसके बाद भी अनेक चयनित विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं ले सके हैं। उनको एक और मौका देते हुए कुलपति प्रो. विमला बाई के आदेश पर तिथि को बढ़ाकर 24 फरवरी से 26 फरवरी तक कर दिया गया है। शोध समन्वयक प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी आज यानी 24 फरवरी से 26 फरवरी तक प्रवेश ले सकेंगे। इसके बाद कोई तिथि नहीं बढ़ेगी। संवाद

राजकीय डिग्री कॉलेज में एकजुटता दिखाते शिविरार्थी। फोटो : संवाद

स्काउट गाइड के नियमों से अवगत कराया

देवबंद। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स इकाई के तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। पहले दिन भारत स्काउट गाइड के जिला मुख्य प्रशिक्षक राजपाल सिंह पुंडीर ने शिविरार्थियों को झंडा शिष्टाचार, प्रार्थना प्रतिज्ञा, झंडा गीत एवं शिविर के सामान्य नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रोवर्स रेंजर्स के मुख्य कार्य सेवाभाव एवं जीवन में हमेशा दूसरे की सेवा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. गौरव बालियान ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार के शिविर में छात्र अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा व सामुदायिक कार्यों के बारे में सीखते हैं। संवाद

सामाजिक कार्यों में भी भागीदारी करें छात्र

देवबंद। भगवत चौजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। प्राचीन शिव मंदिर में कार्यक्रम में शिविरार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, वंदे मातरम, देशभक्ति गीत, कविता पाठ और राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत आदि की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व समझाया। प्रवक्ता तुषार राणा ने शिविर में कराए गए कार्यों की रिपोर्ट पढ़ी। साध्वी पृथ्वी पूरी ने बताया कि शिविर लगाने का उद्देश्य तभी सफल होगा जब हम समाज में फैली बुराइयों को कम कर सकें। छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी भागीदारी करनी चाहिए। संवाद

आईबीएम स्किल्स बिल्ड ट्रेनिंग का आयोजन

गंगोह। शोभित विवि के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा चार दिवसीय आईसीटी आईबीएम स्किल्स बिल्ड ट्रेनिंग सर्टिफिकेट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सत्येन्द्र नारायण सीनियर मैनेजर, आईसीटी आईबीएम, दिल्ली, दीपक कुमार प्रशिक्षक, आईसीटी आईबीएम, कुलपति डॉ. रणजीत सिंह, कुलसचिव डॉ. महिपाल सिंह, डॉ. तरुण कुमार शर्मा, डॉ. वरुण बंसल व डॉ. नवीन कुमार ने किया। विभागाध्यक्ष डॉ. वरुण बंसल, डॉ. नवीन कुमार व डॉ. अभिषेक डबास ने अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि सत्येन्द्र नारायण ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा व डाटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा। कुलपति व कुलसचिव ने छात्रों को प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया, जबकि डॉ. अभिषेक डबास ने सहभागिता के लिए प्रेरित किया। डॉ. तरुण कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. नितिन कुमार, कुलदीप चौहान, अरुण सैनी, जीतेन्द्र सैनी, नमन सैनी आदि मौजूद रहे। संवाद

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ शिविर का समापन

देवबंद। आखलोर खोड़ी स्थित सिद्धार्थ डिग्री कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। इस दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार और डॉ. प्रोतम सिंह ने दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया। सुरेंद्र कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक शिविर में सीखी गई गतिविधियों का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करें। डॉ. प्रोतम सिंह ने कहा कि स्वयंसेवक सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करें। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. महक सिंह ने कहा कि स्वयंसेवक शिविर के बाद भी स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों के प्रति गंभीर रहें। तभी शिविर की सार्थकता स्थापित होगी। इस दौरान प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार, पूर्व प्राचार्य केपी सिंह, तरुणकांत, कन्हैया, फूल करण, ओम सिंह, सचिन, जोगेंद्र, नरेंद्र आदि मौजूद रहे। संवाद

2,552 विद्यार्थियों ने छोड़ी अंग्रेजी, जीव विज्ञान की परीक्षा

सुबह की पाली में दसवीं की अंग्रेजी और दोपहर की पाली में 12वीं जीव विज्ञान की परीक्षा हुई

संवाद न्यूज एजेंसी

सहारनपुर। यूपी बोर्ड परीक्षाओं में सोमवार को दसवीं की अंग्रेजी और 12वीं की जीव विज्ञान विषय महत्वपूर्ण विषयों की परीक्षाएं हुई। कुल पंजीकृत 50,355 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 47,803 ने परीक्षा दी, जबकि 2,552 अनुपस्थित रहे

पहली पाली में दसवीं की अंग्रेजी की परीक्षा हुई। इसके लिए जिलेभर में पंजीकृत 35,644 परीक्षार्थियों में से 33,900 उपस्थित रहे, जबकि 1,744 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 12वीं की फल एवं खाद्य संरक्षण, पाकशास्त्र (कुकरी), परिधान रचना एवं सज्जा, रंगीन फोटोग्राफी, आटोमोबाल्स, एकाउंटेंसी एवं अंकशास्त्र, बैंकिंग, आशुलिपि एवं टंकण, टंकण हिन्दी एवं अंग्रेजी विषयों की परीक्षा भी हुई। इनमें केवल 279 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 267 ने परीक्षा दी, जबकि 12 अनुपस्थित रहे।

दूसरी पाली में 12वीं की गणित एवं जीव विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। इसमें पंजीकृत 14,432 परीक्षार्थियों में से 13,636 ने परीक्षा दी, जबकि 796 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। प्रकार दोनों पालियों में दसवीं और 12वीं के कुल पंजीकृत 50,355 विद्यार्थियों में से 47,803 ने परीक्षा दी, जबकि 2,552 गैरहाजिर रहे। पहली पाली की परीक्षा सभी 89 केंद्रों, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा 88 केंद्रों पर कराई गई।

गिल कॉलोनी स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज से यूपी बोर्ड की परीक्षा देकर आईं छात्राएं। संवाद

आसान रहा अंग्रेजी का प्रश्नपत्र

दसवीं की छात्रा अंशिका ने अंग्रेजी के प्रश्नपत्र को आसान बताया। उनका कहना था कि 70 नंबर के प्रश्न पत्र में 20 नंबर के बहुविकल्पीय प्रश्न सबसे आसान थे।

केसीसीपी आर्य कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षा दे रही अंकिता शर्मा ने बताया कि पहली बार बोर्ड परीक्षा होने के चलते परेशान थी, लेकिन प्रश्नपत्र बेहद आसान रहा।

आस्था ने बताया कि वह हिंदी मीडियम से होने के कारण अंग्रेजी से डर लगता है, लेकिन तैयारी अच्छी की थी, जिसकी वजह से परीक्षा में कोई समस्या नहीं आई।

उर्वशी ने अंग्रेजी के प्रश्नपत्र को सामान्य बताया। उनका कहना था कि प्रश्नपत्र उतना भी आसान नहीं था, जितना बताया जा रहा है। फिर भी 60 फीसदी अंक आ जाएंगे।

सोमवार को दसवीं की अंग्रेजी और 12वीं की जीव विज्ञान विषय की महत्वपूर्ण परीक्षाएं थीं। दोनों पालियों की परीक्षाओं को लेकर पूर्व की तरह सख्ती रही। केंद्रों के औचक निरीक्षण किए गए। किसी भी केंद्र पर कोई छात्र अनुचित साधन का प्रयोग करता नहीं मिला।

-डॉ. अरविंद कुमार पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक

राजकीय आईटीआई की टीम बनी विजेता

लखनऊ से जीतकर आई राजकीय आईटीआई की टीम। फोटो : विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

सहारनपुर। राजकीय आईटीआई दिल्ली सड़क की टीम ने राज्य स्तर पर हुई कबड्डी प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। अन्य खेलों में भी सहारनपुर के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है।

राज्य स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की ओर से लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराई गई। कबड्डी में प्रदेश स्तर पर राजकीय आईटीआई दिल्ली सड़क की टीम ने पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। 100 मीटर दौड़ में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। लखनऊ से लौटने पर रेलवे स्टेशन सहारनपुर पर टीम का स्वागत किया गया। आईटीआई के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों की यह सफलता एक दिन की नहीं है, बल्कि लगातार अभ्यास का नतीजा है।

उन्होंने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा। इस मौके पर सुरक्षा प्रभारी सरदार सिंह, खेल प्रभारी विजय कुमार, कोच विनीत कुमार, संतोष सिंह, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार और स्वाति आदि मौजूद रहे।

27 फरवरी तक जमा होंगे परीक्षा फॉर्म

संवाद न्यूज एजेंसी

सहारनपुर। मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों में वार्षिक प्रणाली के तहत संचालित स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के परीक्षा फॉर्म महाविद्यालयों एवं संस्थानों में अब 27 फरवरी तक जमा करा सकते हैं। पहले यह तिथि 18 फरवरी थी, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा विस्तारित किया गया है।

विश्वविद्यालय के परीक्षा प्रभारी डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि वार्षिक प्रणाली के तहत संचालित बीएड, बीए-बीएड, बीएससी-बीएड, बीएलएड, बीपीएड, बीएससी (फिजिकल एजुकेशन, हेल्थ एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) के सत्र 2025-26 के पहले वर्ष (मेन) के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध समर्थ पोर्टल के लिंक msuniversity.samarth.edu.in पर भरे जा रहे हैं।

मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय ने विस्तारित की फॉर्म जमा करने की तिथि

साथ ही बीएड, बीए-बीएड, बीएससी-बीएड, बीएलएड, बीपीएड, बीएससी (फिजिकल एजुकेशन, हेल्थ एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) पहले वर्ष के (बैक/एक्स), दूसरे और तीसरे वर्ष के (मेन/बैक/एक्स)। बीएससी (बायो-टेक्नोलॉजी), बीएससी (माइक्रोबायोलॉजी) पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष के (बैक/एक्स), बीएफए पहले और दूसरे वर्ष के (बैक/एक्स), तीसरे और चौथे वर्ष के (मेन/बैक/एक्स) के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.msuniversity.ac.in पर भरने की अंतिम तिथि 18 फरवरी थी। विश्वविद्यालय ने इनके परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित करते हुए नया कार्यक्रम जारी किया है। विद्यार्थी संबंधित पाठ्यक्रमों के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर

यह निर्धारित की गई है तिथियां

- विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा फ ऑनलाइन भरने एवं ऑनलाइन परी शुल्क छह फरवरी से जमा कराए रहे हैं।
- विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा कर की अंतिम तिथि 25 फरवरी निर्धा की गई है।
- विद्यार्थी सभी जरूरी प्रमाण सहित परीक्षा फॉर्म को ऑनलाइ सत्यापन कराने के लिए संबंधि महाविद्यालय एवं संस्थान में 2 फरवरी तक जमा करा सकेंगे।
- महाविद्यालय और संस्थ नॉमिनल रोल सहित परीक्षा फ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में 2 फरवरी तक जमा कराएंगे।

उपलब्ध समर्थ पोर्टल के लि msuniversity.samarth.edu.in और विश्वविद्यालय वेबसाइट www.msuniversity.ac.in पर भर सकेंगे

जूडो प्रतियोगिता के लिए मंडलीय टीम चयनित

संवाद न्यूज एजेंसी

सहारनपुर। लखनऊ में 25 से 27 फरवरी तक होने वाली प्रदेशीय सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए मंडलीय टीम का चयन किया गया। स्टेडियम में हुए ट्रायल में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता बालक-बालिका वर्ग में होगी।

सहारनपुर जिला जूडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव दीपक गुप्ता ने बताया की ट्रायल में सहारनपुर के अलावा मुजफ्फरनगर के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। सब जूनियर बालक मंडल स्तरीय टीम में आरव सैनी, गुनवीर वर्मा, रचित वर्मा, दक्ष राणा, अनमोल झा, रुद्र शर्मा और अनमोल पाल चुने गए हैं।

समन्वय सब जूनियर बालिका मंडल स्तर टीम में अक्षी, गौरांगिनी, उर्वशी, सुहाना, पूजा शर्मा, भूमि, सिया, अराध्या, वेनोरा टीम में चुनी गई हैं। टीम प्रदेशीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस मौके पर क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा, सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीण चौधरी, सूरजप्रताप सिंह, पुनीत आर्य, रुपेश कुमार, अमन झा, सोनू सैनी, नौशाद सैफी, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे। टीम मैनेजर के रूप में गौरव वर्मा और हेमा खिलाड़ियों के साथ रहेंगे।

स्टेडियम में जूडो के मंडलीय ट्रायल के लिए जद्दोजहद करतीं खिलाड़ी। संवाद

विद्यार्थियों को दी साक्षात्कार की जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

सहारनपुर। महाराज सिंह कॉलेज के कॅरिअर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से जॉब प्लेसमेंट एवं करियर विकल्प विषय पर सेमिनार हुआ। सेमिनार की सहयोगी इशिका शर्मा ने विद्यार्थियों को रोजगार के विभिन्न अवसरों, कॅरिअर विकल्पों, साक्षात्कार प्रक्रिया तथा पूर्णकालिक एवं अंशकालिक नियुक्तियों के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार बाजार की वर्तमान आवश्यकताओं, कौशल विकास तथा चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के बारे में बताया गया।

प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार ने सेमिनार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावसायिक जगत से जोड़ने में सहायक होते हैं। साथ ही उनके आत्मविश्वास और रोजगार क्षमता को बढ़ाते हैं। कॉलेज के कॅरिअर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. गुरदेव सिंह ने बताया कि सेमिनार विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा और उनके कॅरिअर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने बताया कि इस तरह के और भी कार्यक्रम हर महीने कॉलेज में आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को अपने कॅरिअर से संबंधित अधिक से अधिक जानकारी और अवसर मिलें। इस दौरान डॉ. पूनम सडाना, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. दीक्षा सिंह, डॉ. गजाला, अभिषेक कुमार, इकराम आदि रहे।

सिल्वरटन टाइगर्स चार विकेट से जीता

अमर उजाला ब्यूरो

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग (एमपीएल-2) के पहले लीग मुकाबले में सिल्वरटन टाइगर्स ने देवभूमि रॉयल्स को चार विकेट से पराजित कर जीत दर्ज की। मैच के हीरो ऋतुराज शर्मा को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए देवभूमि रॉयल्स ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 123 रन बनाए। प्रिंस पंवार ने 32 और हर्ष भाटी ने 34 रनों का योगदान दिया। सिल्वरटन टाइगर्स के गेंदबाज कुलदीप कुमार और आर्यमन ने 2-2 विकेट हासिल किए।

124 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिल्वरटन टाइगर्स ने 14.5 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। ऋतुराज शर्मा ने नाबाद 56 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि यश गर्ग सात रन बनाकर नाबाद रहे। देवभूमि रॉयल्स की ओर से हर्ष भाटी ने तीन विकेट चटकाए। ऋतुराज शर्मा को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

टीम की हार के बावजूद चमके हर्ष भाटी : पहले लीग मुकाबले में देवभूमि रॉयल्स को हार का सामना करना पड़ा। टीम के लिए हर्ष भाटी ने पहले बल्लेबाजी में 34 रन बनाए।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड–6 मेरठ

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या: 05/30380/2025–26

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों की अधिशासी द्वारा ई–टेण्डरिंग के (http://etender.up.nic.in) माध्यम से सिंचाई विभाग में पंजीकृत वेण्डरों से पंजीकृत चार ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यों की निविदा दिनांक: 25-02-2026 के पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक: 05-03-2026 के पूर्वान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जोकि उपरोक्त वेबसाईट पर अवलोकन की जा सकती है। जिसकी टेक्नीकल बिड निर्धारित कमेटी द्वारा दिनांक: 05-03-2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से अधिशासी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की स्थिति में वह दिन अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

क्रमांक	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर राशि (लाख रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य +GST+ डोकमेंटी चार्ज	इंटीग्रेटेड श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	मध्य गंगा नहर परियोजना (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत डिस्टरी राजवाहा से निकलने वाली ताहरपुर माईनर के कि0मी0 1.100 पर वी0आर0बी0 का निर्माण कार्य।	13.50	1.35	3 मा0	300+54+500	सी एवं उससे ऊपर
2	मध्य गंगा नहर परियोजना (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत डिस्टरी राजवाहा से निकलने वाली पंडिया माईनर के कि0मी0 0.500 पर वी0आर0बी0 का निर्माण कार्य।	15.10	1.51	3 मा0	300+54+500	सी एवं उससे ऊपर
3	मध्य गंगा नहर परियोजना (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत डिस्टरी राजवाहा से निकलने वाली कुन्दनपुर माईनर के कि0मी0 0.320 पर वी0आर0बी0 का निर्माण कार्य।	13.15	1.32	3 मा0	300+54+500	सी एवं उससे ऊपर
4	मध्य गंगा नहर परियोजना (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत डिस्टरी राजवाहा से निकलने वाली खजौरपुर माईनर के कि0मी0 0.200 पर वी0आर0बी0 का निर्माण कार्य।	14.50	1.45	3 मा0	300+54+500	सी एवं उससे ऊपर

निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट (http://upgovt.up.nic.in/infotech) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट www.idup.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड–6
मेरठ

www.upgov.nic.in
Upid- 346685 Dt. 20.02.2026

स्कूलों में चलाया गया मीजल्स रुबेला टीकाकरण अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

नानौता/बड़गांव। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित मीजल्स-रुबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान के अंतर्गत स्कूलों में विशेष शिविर आयोजित किए गए। इस दौरान कक्षा एक से कक्षा पांच तक के 102 बच्चों को एमआर का टीका लगाया गया।

नानौता के दुर्गा पब्लिक स्कूल में सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार के नेतृत्व में एएनएम नीशु चौधरी की टीम ने बच्चों का टीकाकरण किया। टीकाकरण से पूर्व बच्चों की सामान्य जांच भी की गई तथा बच्चों को टीके के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि यह विशेष अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बच्चों को खसरा और रुबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित करना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं ताकि उन्हें गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। इस दौरान प्रधानाचार्य अनिल कुमार राणा, रूपा जैसवाल, तिरसवाल, अनुज शर्मा, उरूसा सिद्दीकी, सुदेश चौहान, अदिति राणा आदि रहे।

बड़गांव के गांव शब्बीरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय मजरे में सोमवार को रुबेला टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत कक्षा एक से पांच तक के 122 बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। इसमें अभी तक लगभग 45 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है। एएनएम विभा पांडेय, शिक्षक जयवीर सैनी, मीनू राठी, श्यामवीर राणा आदि मौजूद रहे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

सरफेसी अधिनियम के अनुसार, ऋणी/गारन्टर/ बंधककर्ता को वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना

निकट घंटाघर चौक, देहरादून रोड, सहारनपुर (उ0प्र0)- 247001
ई-मेलः sahara@bankofbaroda.com

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों का तथा विशेष रूप से ऋणकर्ताओ और प्रत्याभूति-दाताओ को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता है) प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा, द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर नीचे वर्णित चुक कर्ताओं से वसूली हेतू नीलाम किया जायेगा। उधारकर्ता(ओ)/बंधककर्ता/गारन्टर(ओ)/सुरक्षित परिसंपत्ति/बकाया/ आरक्षित मूल्य/ ई-नीलामी की तारीख और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे उल्लेख किया गया है।

क्रं. सं.	शाखा का नाम एवं ऋणकर्ता/गारन्टर/बंधककर्ता के नाम व पता	ज्ञात ऋणभार सहित अचल संपत्ति का विवरण यदि कोई बंधक हो	कुल बकाया राशि	ई-नीलामी की तिथि व समय	रिजर्व मूल्य / ईएमडी मूल्य / न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (भौतिक/रचनात्मक)	संपत्ति का निरीक्षण और समय
1.	**शाखाः सहारनपुर मेन** **1. ऋणीः** मैसर्स सुपर टेक्सटाइल्स, प्लॉट संख्या 5, 6, 7, 8 एवं 9, खसरा संख्या 10 एवं 11, टिपरपुर, जनता रोड, सहारनपुर- 247001, उ.प्र. **2.** मौहम्मद इमरान पुत्र शब्बीर अहमद **(पार्टनर एवं गारन्टर),** खजवजू-2, पोस्ट लखनौर, सहारनपुर- 247001, उ.प्र.। **3.** श्रीमती फातिमा मलिक पत्नी मोद्र इमरान मलिक **(पार्टनर एवं गारन्टर),** मकान नं. 3/987, खान आलमपुर, नई बस्ती, लिंक रोड के पास, सहारनपुर- 247001, उ.प्र.। **4.** स्वर्गीय श्री रियासत अली पुत्र अब्दुल हमीद **(गारन्टर),** मकान नं. 3/987, नई बस्ती खान आलमपुर, लिंक रोड के पास, सहारनपुर- 247001, उ.प्र.।	बंधक सिगल स्टोरी, औद्योगिक बिल्डिंग, प्लॉट संख्या 5, 6, 7, 8 एवं 9, खसरा संख्या 10 एवं 11, वेक ग्राम टिपरपुर, परगना, तहसील एवं जनपद सहारनपुर, जिसका क्षेत्रफल 1758.52 वर्ग मीटर (2102.64 वर्ग गज) है। सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्व- मोहम्मद इमरान की संपत्ति, पश्चिम- मोहम्मद इमरान की संपत्ति, उत्तर- 30 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण- अन्य संपत्ति।	रु0 **2.02** करोड़ (दो करोड दो लाख) अतिरिक्त ब्याज और शुल्क दिनांक 04.01.2026	**27.03.2026** दोपहर 02.00 बजे से शाम 6.00 बजे के बीच	रिर्जव मूल्य– रू. 2,62,25,570/- ईएमडी मूल्य– रू. 26,22,557/- बोली राशि– रू. 25,000/–	**रचनात्मक कब्जा**	**20.03.2026** दोपहर 03.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच

***नीलामी के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं **https://baanknet.com** देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी, सम्पत्ति नं0 मो0 **8477009458 विस्तृत नियम और शर्तों के लिए यह QR कोड स्कैन करें:–**

दिनांकः 23.02.2026 | स्थान- सहारनपुर | प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बडौदा